LUDHIANA
Vol. 19 Issue 26
RNI No. 69862/98
WEEKLY
4 Pages
FREE DISTRIBUTION
Jan. 21 - 27, 2018

# City VIBES

A SPACE MARKETING FEATURE

WARD 93 NEWSLETTER

Email: cityvibesldh@gmail.com Mobile: 98154 29998 PUBLISHER: C. M. Sharma

# सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक कार्यों में निस्वार्थता ही है मानवता का आधार – रवि नन्दन शर्मा


## हरा भरा और स्वच्छ वातावरण चाहते हैं वार्ड 93 के निवासी – सोनिया शर्मा



### हैबोवाल में शर्मा परिवार किसी परिचय का मोहताज नहीं

**1972 से इलाका वासियों की सेवा में तत्पर शर्मा परिवार की 45 वर्षों में हैबोवाल को देन हैं निम्नलिखित संस्थाएं**

- राजिन्द्रा माडल सीनियर सैकंडरी स्कूल– संस्थापक स्वर्गीय श्री निर्मल प्रकाश शर्मा जी
- श्री सिद्धी विनायक धाम मन्दिर– संस्थापक प्रधान श्री रविनन्दन शर्मा
- श्री गणपति महोत्सव कमेटी
- राइजिंग स्टार प्ले वे स्कूल
- आधारः दि फाउंडेशन–एनजीओ संस्थापक
- इंडियन आईडल अकैडमी



शर्मा परिवार की बहू, राजिन्द्रा पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल की प्राध्यापिका तथा समाज सेविका श्रीमती सोनिया शर्मा अब राजनीति में भी प्रवेश कर चुकी हैं। सिटी वाईब्स के संवाददाता को उनसे भेंट करने का मौका मिला। बातचीत में इलाका वासियों से संबंधित सवाल उठे जिन्हें लोगों तक पहुंचाना जरुरी लगा। पेश हैं इस वार्तालाप के कुछ अंशः

सिटी वाईब्सः आप इतने धार्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक कामों में व्यस्त रहती हैं, राजनीति में आने का विचार कैसे आया?

सोनिया जीः हमारा वार्ड 93 शहर के कई वार्डों से पिछड़ा हुआ है इसकी तरक्की के लिए मुझे यह निर्णय लेना पड़ा है। हम 2017 में जी रहे हैं परन्तु वार्ड 93 के लोगों को मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं हैं। कई इलाकों में अभी तक सड़कें नहीं बनी हैं। स्ट्रीट लाईटस जो थोड़ी बहुत हैं वो अक्सर खराब ही रहती हैं। सीवरेज अक्सर जाम रहते हैं। सरकारी पानी की आपूर्ति के लिए ट्यूबवैल पर्याप्त नहीं हैं और यहां सरकारी नलों में आने वाले जल की गुणवत्ता भी बहुत चिंतनीय है। इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में स्वच्छता का विचार ही अकल्पनीय है। इस इलाके में अभी रखरखाव तथा विकास के कई कार्य बाकि हैं।

सिटी वाईब्सः अगर आप इस वार्ड की पार्षद बनें तो क्या बदलाव लाना चाहेंगी?

सोनिया जीः सबसे पहले तो मैं वार्ड 93 में सड़कों, पानी, सीवरेज और स्ट्रीट लाईटस की कमी को पूरा करुंगी फिर ऐसा इंतजाम करुंगी कि यह सब हर समय सही अवस्था में रहें।

सिटी वाईब्सः इसके इलावा आप और क्या बदलाव लाना चाहेंगी?

सोनिया जीः स्वच्छता। वार्ड 93 में आपको जगह जगह गंदगी मिलेगी जो मुझे कतई पसंद नहीं। मैं ऐसा इंतजाम करुंगी कि इलाके में ढूंढने से भी कहीं कचरा न मिले। दूसरे, हमारे इलाके में कहीं कोई पार्क नहीं है। बच्चों और बुर्जुगों का जीवन इनके बिना अधूरा है। मैं इलाके में पार्क उपलब्ध करवाने की कोशिश करुंगी, बल्कि एक ग्रीन बैल्ट बनवाने की कोशिश करुंगी ताकि हमारे वार्ड के लोग प्रदूषण जनित बिमारीयों के शिकार बनने से बचें और स्वस्थ जीवन जी सकें। तीसरे, हमारे वार्ड में सीनीयर सिटिजनस की सुविधाओं के लिए प्रयास करना चाहूंगी। लोगों को वार्ड स्तर पर सुविधा सैन्टर की सेवाएं मिलनी चाहिएं।

सिटी वाईब्सः कुछ और समस्याएं तथा उनके हल भी हैं आपके पास?

सोनिया जीः बहुत कुछ किया जा सकता है वार्ड 93 के लिए तो। जब अपनों का साथ और सहयोग हो तो कुछ भी किया जा सकता है। जो अगली मुख्य समस्याएं इस समय मेरे दिमाग में आ रहीं हैं उनमें पहले तो मैं हैबोवाल में टैफिक की समस्या का हल करना चाहूंगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस तथा civil architect का सहयोग लेना चाहूंगी। इसके इलावा आवारा जानवरों की देखभाल के लिए कुछ करुंगी।

सिटी वाईब्सः बहुत अच्छे, सुलझे हुए और नेक विचार हैं आपके। आप जैसे पढ़े लिखे नेता ही हमारे समाज को सही दिशा दिखा सकते हैं। हमारे देश में जैसे चुनाव लड़े जाते हैं उसके बारे में आपके क्या विचार हैं?

सोनिया जीः जी धन्यवाद। वोटर को पैसे या नशे देने की रवायत के मैं सख्त खिलाफ हूं। उम्मीदवारों को चाहिए कि वोटर को अपनी योग्यताओं तथा वार्ड की जरुरतों के बारे में विस्तृत जानकारी दें तथा निर्णय उनकी बुद्धिमता पर छोड़ दें। आज का वोटर बहुत समझदार है। वोटरों को भी चाहिए कि पैसे या नशे के क्षणिक लालच में न फंसें तथा उसी उम्मीदवार को अपना कीमती वोट दें जो उन्हें मुद्धों की जानकारी देने में सक्षम हो, वोटर को जानकारी लेने लायक समझे और जींतने के बाद वाटरों के काम करवाने की क्षमता तथा नीयत रखता हो।

अन्त में मैं यही कहना चाहूंगी कि राजनीति मेरे लिए महत्वाकांक्षा नहीं है अपितु लोगों की सेवा का मिशन है।

# आपका आशीर्वाद – हमारा प्रयास

# मिल कर करेंगे वार्ड 93 का विकास

# The BACKGROUND

## हमारे प्रेरणा स्तोत्र: श्री निर्मल प्रकाश शर्मा जी



श्री निर्मल जी

हैबोवाल के शर्मा परिवार की आज समाज में जो पहचान है उसके पीछे प्रेरणा के स्तोत्र हैं श्री दण्डी स्वामी पीठ के सेवादार रहे स्वर्गीय श्री निर्मल प्रकाश शर्मा। पूज्य पिता श्री जगत नाथ व माता श्रीमति देवकी देवी के घर 19 दिसम्बर, 1944 में जगराओं के सबदी कलां गांव में जन्मे श्री निर्मल शर्मा ने अपने माता पिता से पुण्य धार्मिक संस्कार विरासत में पाए। अपनी कला व लेखनी से लोगों के दिल में जगह बनाने वाल निर्मल जी ने 1972 में हैबोवाल के पहले शिक्षण संस्थान, राजेन्द्रा सीनीयर सैकंडरी स्कूल की स्थापना की। हैवोवाल क्षेत्र के हजारों विद्यार्थीयों ने यहां से शिक्षा प्राप्त की और कर रहे हैं। श्री निर्मल प्रकाश शर्मा जी श्री सिद्धपीठ दंडी स्वामी सिविल लाइन लुधियाना में बचपन से ही ब्रहम्लीन पंडित जगदीश चन्द्र कोमल के सानिध्य में सत्संग करते। 1 दिसम्बर, 1996 को श्री सिद्धपीठ में पूज्य श्री दण्डी स्वामी शंकराश्रम जी महाराज को प्रणाम करते हुए ही ब्रहम्लीन हो गए। ऐसी पावन मृत्यु के लिए ऋषि मुनि भी तरसते हैं।

### BIO DATA



NAME: Sonia Sharma
HUSBAND'S NAME: Ravi Nandan Sharma
FATHER'S NAME: Sh. Abhay Dutt Mehta (Ex.Naval Officer)
FATHER-INLAW: Late Sh. Nirmal Prakash Sharma, Founder of Rajindra Public Sr. Sec. School, Haibowal, Ludhiana
DATE OF BIRTH: 18-09-1974
GENDER: Female
NATIONALITY: Indian
RELIGION: Hindu
ADDRESS: Rajindra Public Sr. Sec. School, Haibowal Kalan, Ludhiana
QUALIFICATION: B. Sc. (NM), M. Sc. (Mathematics), B. Ed and Diploma In Architecture From Thapar University.
OCCUPATION: Principal at Rajindra Public sen. Sec. School, Director at Rising Star Playway School & Social Worker
SOCIAL ORGANIZATIONS: Exec Member 'Aadhar –The Foundation' NGO
Exec. Member 'UDHAN' NGO
Member "Shri Sidhi Vinayak Temple', Haibowal, Ludhiana
FAMILY HISTORY: Born in the family of a Naval officer and married to Sh. Ravi Nandan Sharma s/o of Sh. Nirmal Prakash Sharma, a philanthropic, founder of Nation Fame 'AADHAR: THE FOUNDATION' and r/o Ward No.93.


## धार्मिक कार्यों में योगदान























# SUPPORT EDUCATED PEOPLE IN WARD 93
# GIVE WAY TO POLITICS FOR WELFARE

CITY VIBES Published & Edited by Chander Mohan Sharma from P-11, Basant Vihar, Noorwala road, Ludhiana and Printed at Swastik Printers, Ludhiana.
RNI No.: 69862/98. Mobile: 98154 29998. Assistant Editor: Aakash Bhardwaj

# AADHAR The Foundation

## आधारः दि फाउंडेशन

रविनन्दन शर्मा, सोनिया शर्मा के पति तथा शर्मा परिवार के वर्तमान मुखिया ने अपने पिता स्वर्गीय श्री निर्मल प्रकाश शर्मा द्वारा जीवन भर की गई समाज सेवा से प्ररित होकर तथा पंजाब केसरी के अध्यक्ष श्री विजय चोपड़ा के मार्गदर्शन में 2007 में भ्रूण हत्या के विरुद्ध आवाज उठाने के उद्धेश्य से इस संस्था का निर्माण किया। बेटी बचाओ की एक छोटी सीं कोशिश के उद्धेश्य से शुरु की गई इस संस्था को लोगों का बहुत सहयोग मिला। धीरे धीरे लोग इसके साथ जुड़ते गए और इसके उद्धेश्यों में वृद्धि होती गई।

बेटीं बचाओ से शुरु हुई यह यात्रा बेटी पढ़ाओ से आगे बढ़ती हुई आज समाज के हर शोषण के शिकार व्यक्ति के जीवन को आधार देने की कोशिश कर रही है। गर्भ में ही मार दी जाने वाली बेटी का आधार, गरीब बच्चों का आधार, महिलाओं के सशक्तिकरण का आधार, विधवा गरीब महिलाओं के घर का चूल्हा जलाने का आधार, गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा का आधार, हुनरवान मगर गरीब परिवार से आए कलाप्रेमी बच्चों की तरक्की का आधार, गरीब बीमारों की सेहत का आधार, पर्यावरण की सुरक्षा का आधार इत्यादि कई क्षेत्रों में जनमानस को सहयोग देने के उल्लेखनीय कार्य कर रहीं है यह संस्था।

हैबोवाल से शुरु हुई यह संस्था आज हर उस कार्य में योगदान दे रहीं है जिससे देश तथा समाज का हित और विकास होता हो। आज इस संस्था की शाखाएं लुधियाना तथा पंजाब के बाहर हिमाचल,प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट तथा विदेशों में भी जनहित के कार्य कर रहीं हैं। सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, कला के क्षेत्र तथा बॉलिवुड से जुड़ी कई हस्तियां आधारः दि फाउंडेशन में अपना योगदान दे रहीं हैं। इस संस्था द्वारा किए जा रहे निम्न कार्यों का लाभ आप भी उठा सकते हैं–

**मासिक राशन वितरण–** पिछले 17 वर्ष से हर महीने के पहले रविवार लगभग 70 विधवा महिलाओं को आटा, दाल, तेल, नमक तथा सर्दियों में गर्म कपड़े दिए जाते हैं।

**किताब बैंक–** गरीब जरुरतमन्द स्कूली बच्चों को किताबें तथा स्टेशनरी दी जाती है।

**वस्त्र बैंक–** सर्दियों में गरीबों के घर घर जा कर वस्त्र बांटे जाते हैं।

**जागरूकता अभियान–** भ्रूण हत्या, नशा खोरी, शादियों में बेवकूफ़ाना खर्च आदि सामाजिक बुराइयों के विरोध में रैलियों तथा जागरुकता समारोहों का आयोजन।

**स्वास्थ्य कैम्प–** कुशल चिकित्सकों की देखरेख में निःशुल्क सलाह तथा दवाईयों का प्रबन्ध।

**महिला रोजगार–** गरीब लड़कियों को रोजगार कमाने लायक बनाने के लिए सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है

**नारी शक्ति सम्मान–** शिक्षा, चिकित्सा, कला, संस्कृति, खेलकूद, समाज सेवा, सभ्याचार तथा पुलिस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली समाज की अग्रणी मींलाओं को हर वर्ष सम्मानित किया जाता है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम–** युवा प्रतिभाओं को अपनी कला निखारने, उसे लागों के समक्ष लाने तथा कला के क्षेत्र में भविष्य बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

**पर्यावरण जागरूकता अभियान–** वनमहोत्सव का आयोजन कर लोगों को समय समय पर वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के महत्व के बारे में चेताया जाता है।

GLIMPSES










## समाचारपत्रों से...



आधार दि फाउंडेशन ने किया महिलाओं को सम्मानित

'नारी ही समाज को सही दिशा दे सकती है'

गरीबों को राशन देना सबसे बड़ा पुण्य

आधार फाउंडेशन की ओर से 180वां राशन वितरण समारोह आयोजित

'देश में छुपी प्रतिभा की कोई कमी नहीं'

गर्ल चाइल्ड प्रोजेक्ट पर अवेयरनैस मार्च

आधार ने बांटा जरूरतमंदों को राशन

ਨਿਰਮਲ ਯਾਦਗਾਰੀ ਕ੍ਰਿਕਟ ਟੂਰਨਾਮੈਂਟ

आधार द फाउंडेशन ने 70 जरूरतमंद महिलाओं को बांटा राशन

चाइल्ड की महिला डाक्टर ने आधार द फाउंडेशन संस्था की सदस्यता ली

**TIME TO MAKE A DIFFERENCE**

**LET'S MAKE GREEN & CLEAN WARD 93**

# Vision for Betterment

# सामाजिक गतिविधियां






























लुधियाना| स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर वार्ड नं 93 में भाजपा कर्
सोनिया रविनंदन शर्मा की अगुवाई में युवा दिवस मनाया गया। इस मौके
पर सोनिया शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला और

